दसवाँ मोटफोर्ट कप बास्केट बॉल टूर्नामेंट 2018–19

दिनांक 30 अक्टूबर 2018 को सेंट मोन्टफोर्ट विद्यालय, पटेल नगर भोपाल में दो दिवसीय दसम मोन्टफोर्ट कप बास्केटबॉल टूर्नामेन्ट 2018–19 का शुभारंभ हुआ इस टूर्नामेन्ट में प्रतिष्ठित विदयालयों की टीमें भाग ले रहीं है बालक वर्ग में 15 टीमें और बालिका वर्ग में 15 टीमें भाग ले रहीं है। भारतीय परंपरा के अनुसार मुख्य अतिथि महोदय श्री विशाल खरेडकर जी विद्यालय के प्राचार्य ब्रदर मोनाच्चन जी, उप प्राचार्य ब्रदर जॉन मिंज जी, कोच मुख्तयार सिंह जी, व विदयालय के खेल प्रशिक्षक श्री कैलाश जी ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । विदयालय के प्राचार्य ब्रदर मोनाच्चन जी ने पुष्प गुच्छ के माध्यम से मुख्य अतिथि महोदय श्री विशाल खरेडकर जी का स्वागत किया। मुख्य अतिथि महोदय श्री विशाल खारेडकर जी द्वारा टूर्नामेन्ट के शुभारंभ की औपचारिक घोषणा की गई । इस अवसर पर सेंट मोन्टफोर्ट विद्यालय के छात्र – छात्राओं द्वारा प्रार्थना गीत व नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं गई ।

आज होने वाले मैचों में बालक वर्ग में सेंट जोसफ को–एड स्कूल ने बिलाबौंग स्कूल को , कैंपियन स्कूल ने संस्कार वैली स्कूल को बाल भवन स्कूल ने हेमा स्कूल को हराकर विजय प्राप्त की ।

बालिका वर्ग में कार्मल कॉन्वेट रतनपुर ने सागर पब्लिक स्कूल , रोहित नगर को से हराकर विजय प्राप्त की । डी. पी. एस स्कूल ने सेंट मोंटफोर्ट स्कूल को हराकर विजय प्राप्त की । इसी क्रम में सेंट जोसफ कॉन्वेंट स्कूल ने हेमा स्कूल को हरा कर विजय प्राप्त की ।